Y–42–X

Roll No. ..................

Total No. of Questions : 14]

[Total No. of Printed Pages : 8

# XIARJKUT23

# 9242–X

# HINDI

Time : 3.00 Hours]

[Maximum Marks : 100

**नोट**– सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कुछ लोग सोचते हैं कि पर्यावरण के दूषित होने के कुप्रभाव केवल मानव जीवन पर पड़ते हैं, लेकिन वास्तविकता तो यह है कि प्रदूषण से समस्त पारिस्थितिक तंत्र भी प्रभावित होता है। प्रदूषण से प्रकृति के सुन्दर दृश्य विकृत और छिन्न-भिन्न हो जाते हैं। प्रकृति की खाद्य शृंखला, नाइट्रोजन चक्र तथा कार्बन-डाइऑक्साइड चक्र और ऑक्सीजन चक्रों के सामान्य प्रक्रमों में बाधा पड़ती है। सुन्दर भवनों की भव्यता समाप्त होने लगती है और पेड़-पौधों तथा जीव-जन्तुओं पर घातक प्रभाव पड़ते हैं। यह देखा गया है कि यदि कोई प्रदूषक वातावरण के एक भाग पर प्रभाव पड़ता है, तो दूसरे भाग पर भी उसके हानिकारक प्रभाव पड़ते हैं।

**प्रश्न :**

(क) क्या प्रदूषण का प्रभाव केवल मनुष्यों पर पड़ता है ?

(ख) प्रदूषण का प्रभाव किन-किन चक्रों पर पड़ता है ?

(ग) भवनों और पेड़-पौधों पर प्रदूषण का क्या प्रभाव पड़ता है ?

(घ) प्रदूषण का सामान्य वातावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 2×5=10

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

पल्लव-पल्लव में नवल रुधिर,
पन्नों में मांसल रंग खिला,
आया नीली-पीली लौ से
पुष्पों के चित्रित दीप जला।
अधरों की लाली में चुपके
कोमल गुलाब के गाल लजा,
आया पंखुड़ियों को काले–
पीले धब्बों को सहज सजा।

**प्रश्न :**

(क) पंक्तियों का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) कवि प्रकृति में किसके आने की बात कर रहा है ?

(ग) गुलाब की लाली किसको लजा रही है ?

(घ) पंखुड़ियों पर परिवर्तन का क्या प्रभाव है ?

(ङ) 'अधरों' शब्द का अर्थ लिखिए।

(च) पद्यांश में किसका चित्र अंकित है ? 1×6=6

**खण्ड-ख**

3. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को खेल के उत्तम प्रबन्ध के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**अथवा**

जम्मू नगर के अध्यक्ष को एक आवेदन-पत्र लिखिए जिसमें लिपिक के पद के लिए आवेदन किया गया हो। 5

4. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के तत्सम् शब्द लिखिए :

मुँह, सफेद, मीठा, रात 2

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के तद्भव शब्द लिखिए :

अश्रु, कटुक, क्षेत्र, दण्ड 2

5. (क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

अग्नि, महादेव, कमल, नदी

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

अमृत, आचार

(ग) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए :

फूल, हरि 2

6. (क) 'मुहावरे का जन्म' कहाँ से हुआ है ? 1

(ख) अर्थ लिखकर मुहावरों को वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए :

अक्ल पर पत्थर पड़ना, आँख लगना 2

**खण्ड-ग**

7. आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखिए।

**अथवा**

रामभक्ति की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 7

8. कृष्णभक्ति धारा के प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

**अथवा**

रीतिकाल की कोई **पाँच** विशेषताएँ लिखिए। 3

## खण्ड-घ

9. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

यशोदा हरि पालने झुलावै।
हलरावै दुलराइ मल्हावै, जोइ सोइ कछु गावै॥
मेरे लाल को आउ निंदरिया, काहे न आनि सुवावै।
तु काहे न वेगींही आवै, तोको कान्ह बुलावै॥

**अथवा**

पटु पाँखै भखु काँकरै सदा परेई संग
सुखी परेवा पुहुमि में, एकै तुँही विहंग॥ 5

10. किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय लिखिए :

(अ) कबीर

(ब) मीरा 7

11. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कोई योगी भी समाधि में इतना एकाग्र न होता। दोपहर को जब भूख मालूम होती तो दोनों मित्र किसी नानवाई की दुकान पर जाकर खाना खा आते और एक चिल्लम हुक्का पीकर फिर संग्राम क्षेत्र में डट जाते। कभी-कभी उन्हें भोजन का ख्याल भी नहीं रहता था।

**अथवा**

"क्यों जी, अभी घराती-बराती किसी के मुँह में अन्न नहीं गया तुम भोग लगाने लगीं। तुम्हीं बड़की पंडिताइन हो क्या ?" एक कसैला सा स्वर कानों में पड़ा था चन्तारा के और दूसरी पूड़ी का कौर तोड़ते-तोड़ते वह सहम कर रुक गई थी। फुग्गी ने भी मुँह चलाना रोक दिया। 5

12. एक टोकरी भर मिट्टी कहानी के आधार पर विधवा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

'कितिज' के माध्यम से शकुन्त दीपमाला क्या संदेश देना चाहती है ? स्पष्ट कीजिए। 7

13. (अ) निम्नलिखित लघु प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीर ने किन बुराइयों का विरोध किया ?

(ख) तुलसीदास की किन्हीं **तीन** रचनाओं के नाम लिखिए।

(ग) सूरदास की काव्यधारा पर विचार कीजिए।

(घ) बिहारी को बहुज्ञ क्यों कहा जाता है ?

(ङ) मीरा की काव्यधारा पर विचार कीजिए।

(च) सूफी काव्य से क्या अभिप्राय है ? 3×3=9

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) विधवा ने टोकरी भर मिट्टी माँगने का क्या कारण बताया ?

(ख) मीर साहब के घर से शतरंज की बाजी कैसे उठी ?

(ग) गजाधर बाबू ने दोबारा नौकरी करने का फैसला क्यों किया ?

(घ) चन्तारा का बेटा क्या करता है ?

(ङ) कथावाचक किन लोगों के कश्मीर से चले जाने पर दु:खी है ?

(च) मातादीन ने चाँद पर हत्या का मामला कैसे सुलझाया ? 3×3=9

14. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

(क) निर्गुणभक्ति काव्यधारा के प्रमुख कवि कौन थे ?

(ख) 'विजयपाल रासो' किस कवि की रचना है ?

(ग) 'पद्मावत्' किस भाषा में लिखा है ?

(घ) बिहारी का जन्म किस गाँव में हुआ था ?

(ङ) सूरदास का जन्म-स्थान कौनसा है ?

(च) 'अमृगावट' किस कवि की रचना है ?

(छ) रीतिकाल का प्रवर्तक किसे माना जाता है ?

(ज) 'चुप चन्तारा रोना नहीं 'कहानी में सरूप साहब कौन हैं ?

(झ) गजाधर किस विभाग में नौकरी करते थे ?

(ञ) मीर और मिर्जा की मृत्यु कैसे हुई ?

(ट) जमींदार ने बुढ़िया से क्या माँगा था ?

(ठ) तुलसीदास का जन्म कहाँ हुआ था ? 1×12=12